सड़क दुर्घटना में युवती की मौत पर गुस्साए नागरिकों ने लगाया धरना

सादुलशहर, (कासं)। कार व स्कूटी की जबरदस्त भिड़ंत में गंभीर रूप से घायल सादुलशहर के वार्ड 19 निवासी आरती (23) पुत्री कालूराम की श्रीगंगानगर के निजी चिकित्सालय में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने श्रीगंगानगर के राजकीय जिला चिकित्सालय में मृतका के शव का पंचनामा करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

परिजन शव को लेकर शाम करीब 5 बजे सादुलशहर लेकर पहुंचे तो गुस्साए परिजनों ने कार चालक की गिरफ्तारी व जांच अधिकारी बदलने की मांग को लेकर शव के साथ शहर के अम्बेडकर सर्किल पर धरना लगा दिया। धरने की सूचना मिलने पर एसडीएम शिवा चौधरी, तहसीलदार मुकुल चौधरी व पुलिस थाना अधिकारी सुमेर सिह इंदा धरना स्थल पर पहुंचे व धरनार्थियों से समझाइश की। पुलिस थाना अधिकारी ने आश्वासन दिया कि कार चालक की गिरफ्तारी शीघ्र कर ली जायेगी व प्रकरण की जांच स्वयं करेंगे। जिस पर धरनार्थी सहमत हुए व धरना उठा लिया। मृतका का गमगीन माहौल में देर शाम अन्तिम संस्कार कर दिया।

धरनार्थियों की ओर से वार्ता में भारत क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र शर्मा, आजाद क्लब संयोजक क्षरकू ठाकरे, पार्षद मनीष शर्मा, पूर्व पार्षद अमन मक्कड़ व विकास बजाज, श्यामलाल खण्डा, सुभाष इन्दौरा, मोंटी मौर्या, दीपक नागर, माही इन्दौरा आदि शामिल हुए।

सड़क दुर्घटना में युवती की मौत पर गुस्साए नागरिकों से एसडीएम शिवा चौधरी, तहसीलदार मुकुल चौधरी व पुलिस थाना अधिकारी सुमेर सिह इंदा ने धरनार्थियों से समझाइश की।

पुलिस थाना अधिकारी सुमेर सिंह इंदा ने बताया कि सादुलशहर के वार्ड नं. 19 निवासी अनिता पत्नी कालूराम ने मुकदमा दर्ज करवाया कि 13 मई को दोपहर करीब 12 बजे उसकी पुत्री आरती (23) अपनी दो सहेलियों मंजू व सुमन, निवासी सादुलशहर के साथ स्कूटी पर संगरिया के निकट एक मन्दिर में धोक लगाने के लिए जा रही थी। रास्ते में ढाणी खीचड़ान में ईंट भट्टा के निकट सामने से आ रही एक कार के चालक ने कार को तेज गति व लापरवाही से गलत दिशा में चलाते हुए स्कूटी को जबरदस्त टक्कर मारी, जिससे आरती व उसकी दोनों सहेलियां स्कूटी से नीचे सड़क पर गिर गई। तीनों घायलों को शहर के राजकीय उप जिला चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। जहां से तीनों को श्रीगंगानगर रैफर कर दिया गया। चोटें गभीर होने के कारण आरती की श्रीगंगानगर के निजी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई।

गवाही देने की रंजिश में युवक पर हमला : हनुमानगढ़ में फायरिंग प्रकरण में गवाही देने की रंजिश के चलते हमला करने तथा पिस्तौल दिखाकर नकदी छीनने के आरोप में टाउन थाने में कई जनों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। पुलिस के अनुसार राकेश कुमार पुत्र दलीप कुमार बिश्नोई निवासी वार्ड 8, मोहनमगरिया ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई मनोज कुमार व इन्द्राज स्वामी निवासी चक 13 एनडीआर के पास मटोरियांवाली व गांव मोहनमगरिया का शराब ठेका है। करीब तीन साल पहले पवन कुमार पुत्र साहबराम नायक निवासी मोहनमगरिया ने सुभाष सिलू के गोली मार दी थी। तब उसके भाई मनोज कुमार ने सुभाष सिलू के पक्ष में बयान दिए थे।

उसके बाद से पवन कुमार उसके भाई मनोज से रंजिश रखने लगा। आरोप है कि 12 मई की रात उसका भाई मनोज,

- कार चालक की गिरफ्तारी शीघ्र करने पर धरनार्थी सहमत हुए व धरना उठा लिया
- मृतका का गमगीन माहौल में देर शाम अन्तिम संस्कार कर दिया गया

ठेका सेल्समैन जयसिंह पुत्र श्यामसिंह राजपूत निवासी बिसरासर व गोपीराम पुत्र रामकुमार जाट निवासी दो आरपी मोहनमगरिया स्थित शराब ठेके के ऊपर सो रहे थे। गोपीराम ने रात्रि को उसे फोन कर बताया कि पवन कुमार, लालचन्द पुत्र पृथ्वीराज मेघवाल निवासी मोहनमगरिया, मक्खन नायक निवासी कनवानी व तीन अन्य व्यक्ति शराब ठेके के ऊपर चौबारे पर चढने के लिए सीढियों के गेट तोड़ रहे हैं।

वह अपने पड़ौसी राजीव कुमार पुत्र रणवीर बिश्नोई के साथ कार लेकर शराब ठेके पर गया। मौके पर इन्द्राज स्वामी भी आ गया। पवन नायक, लालचन्द, मक्खन नायक व तीन अन्य शराब ठेके के ऊपर चढकर मनोज कुमार व उसके साथी गोपीराम से मारपीट कर रहे थे। पवन नायक के पास पिस्तौल था जिसने उसके भाई मनोज कुमार के गोली मारने के लिए तान रखा था। मौके पर पहुंच उनको ललकारा तो पवन नायक शराब बिक्री के 10 हजार रूपए छीनकर फरार हो गया।

छात्रावासों में प्रवेश शुरू

बीकानेर,(कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा जिले के 26 छात्रावासों में वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया बुधवार से प्रारंभ हुई। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन एसएसओ पर नवीन प्रवेश पोर्टल एसजेएमएस माध्यम से किए जा सकते हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पंवार ने बताया कि जिले में कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के लिए 4 विद्यालय स्तरीय छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं। इसी प्रकार छात्राओं के लिए सावित्री बाई फुले राजकीय कन्या छात्रावास संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोलायत, दियातरा, बज्जू खालसा, श्रीडूंगरगढ़, लूनकरणसर, पांचू, नोखा, जसरासर, पूगल, खाजूवाला, छतरगढ़, दंतौर ब्लॉक पर कक्षा 6 से 12 के छात्रों के लिए विद्यालय स्तरीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजकीय छात्रावास संचालित किए जा रहे हैं।

संयुक्त निदेशक पंवार ने बताया कि एम.एस कॉलेज के सामने महाविद्यालय स्तरीय सावित्री बाई फुले बालिका छात्रावास है। इसी परिसर में विद्यालय स्तरीय कक्षा 6 से 12 के लिए छात्राओं के लिए सावित्री बाई फूले कन्या छात्रावास संचालित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जेएनवी कॉलोनी रोड पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने स्थित राजकीय आर्थिक पिछड़ा वर्ग बालिका महाविद्यालय स्तरीय छात्रावास संचालित किया जा रहा है। विभागीय छात्रावासों में आवासित छात्र एवं छात्राओं को निःशुल्क आवास, भोजन, वस्त्र, स्टेशनरी, शिक्षण, खेलकूद एवं कम्प्यूटर शिक्षा की सुविधा होती हैं।

सार-समाचार

सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

शिवबाड़ी लालेश्वर महादेव मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करते श्रद्धालु।

बीकानेर, (कासं)। परम स्वामी ब्रह्मलीन संवित सोमगिरि महाराज के तृतीय निर्वाण वर्ष की पावन स्मृति में गुरुदेव स्वामी संवित सोमगिरि महाराज के समाधि स्थल पर सामूहिक हनुमान चालीसा, हनुमत हवन तथा गंगा स्तुति का पाठ तथा मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन हुआ। प्रातः 10:15 बजे मंदिर अधिष्ठाता स्वामी विमर्शानंदगिरि महाराज, गोरखपुर से नरसिंहदास महाराज, हरिद्वार से सदाशिवानंद महाराज, हरियाणा से राममूर्ति महाराज के सानिध्य में सामूहिक हनुमान चालीसा, हनुमत हवन तथा गंगा स्तुति का पाठ किया। जिसमें, विवेक मित्तल, रमेश जोशी, हरिओम पुंज, कन्हैयालाल पंवार एवं पाठक परिवार का सहयोग रहा। सायं 5:00 बजे से मंदिर प्रांगण में स्वामी महाराज के सानिध्य में आयोजित भजन संध्या में ओमप्रकाश घारू, मक्खन घारू, पंडित बनवारी लाल शर्मा, भजन प्रवाहक सुनंदन आढ़ा, सावित्री कौशिक, भावना शर्मा, कविता शर्मा, बनसा महाराज, चैनदान चारण, बजरंग प्रजापत, गोविंद सोनी, शिवबाड़ी भक्त मण्डली, श्रीतुलसी कुटीर भक्त मण्डली आदि से जुड़े भक्तों ने मंदिर प्रांगाण को भजनों से अपनी दिव्य तथा अनुपम प्रस्तुतियों से भजन संध्या का उपसंहार किया। मानव प्रबोधन प्रन्यास के विजेन्द्र सिंह भाटी के अनुसार कार्यक्रम में राजकुमार कौशिक, हरीशचंद्र शर्मा, बजरंगलाल शर्मा, रमेश जोशी, रमेश शर्मा, विजय सिंह राठौड़, रामदयाल राजपुरोहित, नंदकिशोर भाटी, रमेश शर्मा, राजीव मित्तल, मुकेश जोशी, अर्जुननाथ सिद्ध, योगेश शर्मा, नंदू सिंह शेखावत, मोहित अग्रवाल, भगवान सुथार, आदि का सहयोग रहा। 18 मई, स्वामी महाराज के सान्निध्य में श्रीलालेश्वर महोदव मंदिर का 145वां प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया जायेगां जिसमें प्रातः 8:00 से 10:00 बजे श्रीलालेश्वर महादेव मण्डल द्वारा अभिषेक तथा 10:00 से 12:00 बजे स्वामी महाराज का आशीर्वचन तथा आम सभा होगी।

बैंक के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी

किसान सभा ने बैंक द्वारा जबरदस्ती नोटिस देने व जमीन हड़पने की कोशिश पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

हनुमानगढ़, (कासं)। किसान सभा की ओर से धोलीपाल के किसान के साथ बैंक द्वारा जबरदस्ती नोटिस देने व जमीन हड़पने की कोशिश के खिलाफ जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में कहा गया कि धोलीपाल के किसान की 41 बीघा कृषि भूमि पर किसान क्रेडिट कार्ड पर पंजाब नेशनल बैंक शाखा धोलीपाल से 2013 में 25 लाख का लोन लिया। जिसमें करीब 10 लाख रूपए भर दिया गया लेकिन अब भी नोटिस भेजा जा रहा है। जिसमें 31 लाख 83000 किसान से बैंक मांग रहा है जबकि किसान बैंक में लगातार चक्कर काट रहा है। सैटलमेंट के बनवाना चाहता है लेकिन बैंक कर्मियों द्वारा धक्के देकर बाहर निकाल दिया जाता है। किसान के साथ इस तरह के व्यवहार व किसान की जमीन को हड़पने का प्रयास है। इस अवसर पर रघुवीर सिंह वर्मा ने कहा कि यदि बैंक ने अपनी मनमानी नहीं रोकी और मूल नहीं भराया गया तो इसके खिलाफ आंदोलन चलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही पंजाब नेशनल बैंक हनुमानगढ़ शाखा के आगे किसानों द्वारा प्रदर्शन कर धरना दिया जायेगा। पूरे जिले में इसी तरह से किसानों को केसीसी लोन के नाम पर परेशान किया जा रहा है। जो बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस अवसर पर वेद मककासर, लालचंद एडवोकेट, मनोज मुंड, शौपत राम आदि शामिल थे।

डी.डी.सी. काउंटर पर लगी कतारें

हनुमानगढ़, (कासं)। जिला अस्पताल में ओपीडी की संख्या 2360 के करीब रही। इसके चलते डीडीसी काउंटर में इस भीषण गर्मी में दवा लेने के लिए रोगियों की कतारें लगी रही। जिला अस्पताल में आम दिनों में ओपीडी की संख्या 1500-1600 के करीब रहती है। उन दिनों में भी निशुल्क दवा वितरण काउंटर पर रोगी व परिजन कतार में लगे रहते हैं। लेकिन प्रत्येक सोमवार या फिर अवकाश के अगले दिन अस्पताल में ओपीडी की संख्या 2200 से अधिक रहने पर रोगी व परिजनों को दवा लेने के लिए घंटों लाइन में रहना पड़ता है। तीन नए दवा वितरण केंद्र बनने के बाद ही रोगी व परिजनों को जल्द दवा मिल सकेगी। जिला अस्पताल के प्रशासन के अनुसार दवा वितरण काउंटर और खोलने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को प्रस्ताव भिजवाया था। पूर्व में कांग्रेस की सरकार के समय यह प्रस्ताव कई बार भेजा गया और वस्तुस्थिति के बारे में चिकित्सा एवं स्वाथ्य विभाग निदेशालय के अवगत कराया गया। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। वर्तमान में जिला अस्पताल में पांच दवा वितरण केंद्र संचालित हैं। इस भवन के निर्माण के लिए जिले के सभी एमएलए से विधायक कोटे से दस-दस लाख रूपए लिए गए थे। करीब पचास लाख रूपए की लागत इस भवन का निर्माण किया गया था। जिला अस्पताल की ओपीडी की छतों का मरम्मत कार्य करवाने के लिए 77 लाख रुपए का बजट मांगा गया था। जिला अस्पताल की ओपीडी की इमारत काफी पुरानी होने के कारण मरम्मत की आवश्यता है। इसके लिए अस्पताल प्रशासन ने छतों की मरम्मत कार्य करवाने के लिए पीडब्लयूड़ी विभाग के अधिकारियों से सर्वे करवाया था। इसके तहत 77 लाख रुपए में मरम्मत होने का आंकलन किया गया था। अभी तक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने यह स्वीकृति भी जारी नहीं की है।

पुलिस की आड़ में बदमाश कर रहे हैं अभिभावकों से ठगी

बीकानेर, (कासं)। ठगों और बदमाशों ने आमजन से धन उगाही का अब नया तरीका खोज लिया है। ऐसे बदमाश अब खुद को पुलिस अधिकारी, कर्मचारी बताकर, डीपी में पुलिस की वर्दी वाली फोटो लगाकर लोगों को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। अब इनके निशाने पर दूसरे जिलों या राज्यों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक हैं।

बदमाश अभिभावकों को फोन कर कहते हैं कि आपके बच्चे ने अमुक कांड कर दिया है। अथवा उसका एक्सीडेंट हो गया है। बेटियों के मामले में उसके अपहरण आदि का झांसा देकर अभिभावकों को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। ठग अक्सर क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर बच्चों के अभिभावकों को फोन कर बच्चों को फंसाने की धमकी देकर ठगी कर रहे हैं। पिछने चार महीनों में जिला पुलिस के पास 20-25 से ज्यादा ऐसी शिकायत पहुंची हैं। अधिकतर मामलों में ठग अभिभावकों को स्कूल, कोचिंग या कॉलेज टाइम में फोन कर रहे हैं। जबकि बच्चा उनके उनके संपर्क में नहीं होता। ऐसे में अभिभावक डर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक हालांकि जिले में अभी तक ठगों की ओर से ऐसे प्रयास के भले ही कई मामले सामने आये हैं, लेकिन उनके कामयाब होने का एक भी मामला सामने नहीं आया है।

- ठग अक्सर क्राइम ब्रांच का अधिकारी बनकर बच्चों के अभिभावकों को फोन कर बच्चों को फंसाने की धमकी देकर उनसे ठगी कर रहे हैं

पुलिस के मुताबिक ऐसी ठगी की कोशिशों के शिकार लोगों ने ऑनलाइन 1930 नंबर पर इसकी शिकायत दर्ज कराई है। लोग ऐसे मामलों में अक्सर देरी कर जाते हैं और ठगी का शिकार हो जाते हैं। जैसे ही उन्हें ऐसी कोई कॉल आए, वे 1930 नंबर पर सूचित करें। बीकानेर साइबर थाना निरीक्षक गोविन्द व्यास ने कहा कि ठग जालसाजी के नित नए प्रयोग कर रहे हैं। फर्जी काल आने पर उसकी तस्दीक करें और निकटतम थाने या साइबर थाने में सूचना दें।

पहले पूरी बात समझ लें। किसी को भी पैसे तो किसी भी सूरत में न दें। जिन बच्चों के अभिभावकों के पास ठगों के फोन आए। उनके बच्चे दूसरे शहरों में नीट, पीएमटी, सीए, आरएएस सहित अन्य किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।

ग्रीष्मकालीन शिविर कल से

बीकानेर, (कासं)। सयोना संगीत शिक्षण संस्थान व अभिरूचि केन्द्र अपने 25 वें वर्ष में प्रवेश कर 17 मई से संस्था प्रांगण में ग्रीष्मकालीन अभिरूचि शिविर का आयोजन किया जायेगा।

जिसमें बच्चों के बौद्धिक व मानसिक विकास एवं मनोरंजन हेतु ड्रॉइंग, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, स्टोरी विद पप्पेट शो, नॉन फ़ायर कुकिंग, योगा,डांस, हेंड राईटिंग, बेलेंसिंग गेम आदि गतिविधियों को सिखाया जायेगा। संस्था इन 24 वर्षों में विभिन्न ग्रीष्मकालीन शिविरों का आयोजन व्यवस्थापिका राजकुमारी व्यास व निर्देशिका सारिका व्यास बिस्सा के नेतृत्व में कर चुकी है।

संस्था द्वारा कुकिंग, सेल्फ ब्यूटीशियन, मेहंदी, सिलाई, कढ़ाई-बुनाई आदि की प्रदर्शिनी साथ ही नृत्य व संगीत के आयोजन स्थानीय टाउन हॉल, अमर रंगमंच, विवेक नाथ की बगेची आदि परिसर में हो चुके है। प्रशिक्षित बच्चे कई प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय आदि स्थान आ चुके हैं।

बंद मकान से लाखों की नकदी व आभूषण चोरी

बीकानेर, (कासं)। शहर के मुक्ता प्रसाद थाना इलाके में चोरियां थमने का नाम नहीं ले रही है। लगातार क्षेत्र में चोर बंद मकान या दुकानों को अपना शिकार बना रहे हैं। ताजा मामला मुक्ता प्रसाद कॉलोनी के सैक्टर 2 का है। जहां मनीष शर्मा के मकान से अज्ञात चोर सोने के जेवरात व नकदी उड़ा ले गये।

जांच कर रहे हैड कानि नरेश सिंह ने बताया कि परिवादी ने लिखित रिपोर्ट दी है कि वे अपने परिवार के साथ 11 मई को रेलवे कॉलोनी स्थित पुराने घर गया हुआ था। 13 मई को जब सुबह जब वापस आएं तो घर का ताला टूटा हुआ था। घर में सामान बिखरा हुआ था। सार संभाल की तो पाया कि घर से सोने की दो अंगूठी, एक नथ, झुमके,एक सोने का हार, एक सोने का सिक्का सहित दो लाख बीस हजार रूपये नकद चुरा कर ले गये।

पुलिस ने परिवादी की लिखित रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

दुकान से सामान चोरी : शहर के बीछवाल थाना क्षेत्र में कुछ युवकों ने एक किराये की दुकान में घुसकर उसका सामान चुरा लिया। साथ ही दुकानदार के की दुकान पर कब्जा करने की नीयत से मारपीट भी की। इसको लेकर क रणीनगर निवासी इन्द्र सिंह राजपूत ने मामला दर्ज करवाते हुए बताया है कि रोडवेज बस स्टैण्ड के पास उसकी दुकान है। जहां सुबह प्रमेन्द्र सिंघल, जितेन्द्र सिंघल, रजत कुमार व मोनित सिंघल एकराय होकर आएं और दुकान में घुसकर सामान चुरा लिया। इन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपीगणों ने उसके साथ मारपीट की और दुकान पर कब्जा करने की कोशिश भी की। पुलिस ने मामले की जांच हैड कानि राजेन्द्र कुमार को सौंपी है। थाने में एक अन्य मारपीट का मामला दर्ज हुआ।

ऋषिकेश ट्रेन वैकल्पिक मार्ग से चलाने की मांग

बीकानेर, (कासं)। बाड़मेर-बीकानेर-ऋषिकेश जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के लगातार निरस्त होने पर रेलयात्री हेल्प कमेटी ने संज्ञान लिया है।

इस संदर्भ में कमेटी अध्यक्ष अनिल सोनी झूमरसा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मांग की है कि ट्रेन के निरस्त होने संबंधी आमजन की परेशानियों को देखते हुए वैकल्पिक मार्ग से ट्रेन चलायी जाए। उन्होंने बताया कि पंजाब में किसान आंदोलन के चलते बाड़मेर-जोधपुर-बीकानेर-हरिद्वार जाने वाली ट्रेन विगत 25 दिनों से भी अधिक समय हो गया बठिंडा तक ही चल रही है। इस ट्रेन से बीकानेर और आसपास के लोग अपने प्रियजनों की अस्थियों को विसर्जित करने के लिए हरिद्वार जाते हैं। ट्रेन के लगातार निरस्त होने से आमजन बेहद परेशान हो रहा है। कई समाजों के श्मशानों में अस्थियों के लॉकर भी भरने लगे हैं। रेलयात्री हेल्प कमेटी अध्यक्ष अनिल सोनी झूमरसा ने आमजन के प्रियजनों की हरिद्वार में में अस्थियां विसर्जित नहीं कर पाने की दिक्कत की बात कहते हैं।

- पंजाब में किसान आंदोलन के चलते बाड़मेर-बीकानेर-हरिद्वार जाने वाली ट्रेन विगत 25 दिनों से बठिंडा तक ही चल रही है

अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। जेएनवीसी व डीएसटी टीम ने अवैध हथियार के खिलाफ संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार दोनों कार्रवाई अलग-अलग है। जिसमें बीएसटी कॉलेज के पीछे रहने वाले मूलचंद को देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से एक बोलेरो गाड़ी भी जब्त की है। इसके अलावा दूसरी कार्रवाई में रिड़मलसर निवासी अमन भाटी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है।

दोनों आरोपियों से हथियार के संबंध में पूछताछ कर रही है। कार्रवाई में डीएसटी प्रभारी कुलदीप चारण और एएसआई दीपक यादव की अहम भूमिका रही।

सर्वर डाउन रहने से नहीं बन रहे लाईसेंस, लोग परेशान

बीकानेर, (कासं)। क्षेत्रीय जिला परिवहन कार्यालय बीकानेर में सारथी पोर्टल पर 'अंडर मेंटीनेस' के नाम पर लगातार सर्वर डाउन होने की समस्या चलती आ रही है। पिछले बीस दिनों से हालात यह है की सुबह से दोपहर तक तो सारथी पोर्टल से आवेदक के मोबाइल पर न तो ओटीपी जाती है और ना ही उस दिन का स्लॉट बुक हो पाता है।

ड्राइविंग लाइसेंस के लिए दूर दराज से आए महिलाएं, बुजुर्ग,युवा दिव्यांग पूरे दिन परेशान होकर लौट जाते हैं। यही हाल लर्नर लाइसेंस बनवाने का है। लोग ई मित्रों अथवा स्वयं आवेदन करते हैं लेकिन ओटीपी की समस्या बनी हुई है। कल दोपहर तीन बजे बाद धीमी हुई ड्राइविंग लाइसेंस संबंधी सारथी पोर्टल साइट आज दोपहर तक भी नहीं चली। आर्मी में कार्यरत कर्ण सिंह नामक फोजी कल दोपहर ऑफ लेकर अपना स्थाई ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने आया लेकिन साइट में दिक्कत के कारण कल शाम तक स्लॉट नहीं मिला। आज सुबह आया लेकिन आज भी उसका लाइसेंस नहीं बन सका। यही हालत अन्य आवेदकों की हुई।

- क्षेत्रीय जिला परिवहन कार्यालय बीकानेर में सारथी पोर्टल पर 'अंडर मेंटीनेस ' के नाम पर लगातार सर्वर डाउन होने की समस्या चलती आ रही है

बीकानेर सिटीजन एसोसिएशन के एडवोकेट हनुमान शर्मा ने बताया कि लोग अपने ड्राइविंग लाइसेंस का लर्निंग, स्थाई और रिन्युअल करवाने सुबह सुबह ऑफिस आते हैं और सारथी पोर्टल चलने की आशा में देर शाम तक गर्मी में भूखे प्यासे भटकते रहते हैं। इधर शाम को सारथी पोर्टल शुरू होता है उस समय तक लाइसेंस के उस दिन मिलने वाले स्लॉट की बुकिंग बंद हो जाती है।

स्वास्थ्य विभाग का पौधारोपण अभियान

श्रीगंगानगर, (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग प्रदेश के समस्त चिकित्सा संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली में वृद्धि की दृष्टि से 'हरि-वन पौधारोपण अभियान' चलायेगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह के निर्देश पर संचालित होने वाले इस अभियान के तहत राज्य के चिकित्सा संस्थानों में लगभग एक लाख पौधे लगाए जायेंगे। एसीएस श्रीमती सिंह ने बताया कि चिकित्सा संस्थानों में बेहतर वातावरण, हरियाली, छाया एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक संचालित किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं इससे निचले स्तर के चिकित्सा संस्थानों में 5 तथा इससे उच्चतर चिकित्सा संस्थानों में 10 पौधे लगाए जायेंगे। इनमें नींबू, आंवला, बील, जामुन, अमरूद, अनार, आम, इमली, चीकू, शहतूत, संतरा, नाशपती जैसे फलदार पौधे लगायेंगे।

पशु पक्षी संरक्षण के तहत परिंडे लगाने का जिला स्तरीय अभियान शुरू

बीकानेर, (कासं)। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने पशु पक्षी संरक्षण के जिला स्तरीय अभियान की शुरुआत बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर में परिंडे लगाकर की।

जिला कलेक्टर ने बताया कि भीषण गर्मी में पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था सरकारी कार्यालयों, मैदानों, पार्कों, गांवों व कस्बों में परिंडे व खेंलियां भरवाकर की जायेगी। परिंडो में स्वच्छ पानी डालने व इनके रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित कार्यालय के कार्मिकों की होगी। अभियान के तहत जिला परिषद द्वारा गांवों एवं कस्बों में आवश्यकतानुसार दाना पात्र और सकोरे रखवाए जायेंगे। उन्होंने कहा कि बेजुबान पक्षियों की सुरक्षा व संरक्षण हमारा कर्तव्य है। पेड़-पौधों व पशु-पक्षियों के संरक्षण के लिए हमें हरसंभव कदम उठाना चाहिए। उन्होंने आमजन को अभियान से जुड़ने और अपने घर की छतों पर पालसिया रख पक्षियों के लिए पानी डालने के अभियान में योगदान का आव्हान किया।

बीकानेर कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कलेक्ट्रेट में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए।

इस दौरान उन्होंने अभियान के बैनर का विमोचन किया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहनलाल ने बताया कि पशु पक्षी संरक्षण अभियान के तहत जिले के विभिन्न कार्यालयों में परिंडों का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि यूआईटी, जिला परिषद, डाक बंगला सहित विभिन्न कार्यालयों में परिंडे भरकर रख दिए गए हैं।

- जिला कलेक्टर ने की शुरुआत, आमजन से भागीदारी की अपील

गांवों एवं कस्बों में भी स्थानीय दानदाताओं, भामाशाहों, सामाजिक संस्थाओं एवं ग्रामीणों को प्रेरित कर उनका सहयोग भी लिया जायेगा। इस दौरान जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी अवि गर्ग, एक्सईएन धीर सिंह गोदारा और राजेन्द्र बैरवा, सहायक अभियंता सुंदर लाल गोदारा और मनीष पूनिया, आईईसी कोऑर्डिनेटर गोपाल जोशी, सुनील जोशी, रामकुमार व्यास मौजूद थे।

मोहन लाल, स्काउट-गाइड और पुलिस के जवान आदि मौजूद रहे। जनसंपर्क कार्यालय में सहायक निदेशक हरि शंकर आचार्य और सहायक जनसंपर्क अधिकारी निकिता भाटी ने इसकी शुरुआत की।

जनसुनवाई आज : जोधपुर विद्युत वितरण लिमिटेड निगम द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के निवारण के लिए 16 मई को संभागीय मुख्य अभियंता (बी.सं.) जोधपुर डिस्कॉम कार्यालय में प्रातः 11 से अपरान्ह 2 बजे तक जनसुनवाई का आयोजन किया जायेगा। जोधपुर डिस्कॉम के संभागीय मुख्य अभियंता (बी.सं.) एन.के. जोशी ने बताया कि बीकानेर संभाग क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं की सुनवाई की जायेगी।

10 वीं का परिणाम शत-प्रतिशत

बीकानेर, (कासं)। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय गजनेर का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। 10 विद्यार्थियों के नम्बर 90 प्रतिशत से अधिक आए तथा सभी 82 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास हुए।

प्राचार्य इलियास खान ने बताया कि विद्यालय के प्रेमशंकर सारण 96.20 प्रतिशत, आदित्य 93.60 तथा निशा कंवर 93.20 प्रतिशत प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा 12वीं के 04 विद्यार्थियों का परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक रहा। कुल 62 विद्यार्थियों में से 60 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास हुए।

राजस्थान सरकार
कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652,
Email :- uit_sgnr@yahoo.com,
Office Address:- UIT Office, Model Town,
Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियोजन/2024/255

विज्ञप्ति दिनांक : 14.05.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि चक 1 एफ छोटी मुरब्बा नं. 36 किला नं. 12,13,14 में भूखण्ड सं. 1909, 1910, 1911, 1912, 1913, 1914, 1915 भूखंड माप 240'-0'' गुणा 80'-0'' फीट का नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा आवासीय फ्री होल्ड पटटा सं. 19386 दिनांक 10.04.2023 द्वारा के एल एम होटल एंड रिसोर्ट प्रा. लि. जरिये डायरेक्टर श्री प्रविन्द्र मित्तल पुत्र श्री कस्तुरी लाल मित्तल के नाम से जारी है। के एल एम होटल एंड रिसोर्ट प्रा. लि. जरिये डायरेक्टर श्री प्रविन्द्र मित्तल द्वारा भूखण्ड माप 240'-0'' गुणा 80'-0'' फीट आवासीय से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 में उक्त आवेदित भूमि का प्रस्तावित भू-उपयोग मिश्रित दर्शाया गया है। नगरीय विकास आवासन एवं स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर के अधिसूचना क्रमांक प.11 (8) नविवि/2020 जयपुर दिनांक 24.02.2021 राजस्थान नगरीय क्षेत्र भू-उपयोग परिवर्तन (संशोधन) नियम 2021 अन्तर्गत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित भूमि का आवासीय रूपान्तरित भूमि से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस की समयावधि में अपनी आपत्ति लिखित में सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

- **सचिव,** नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर